३८

[A-20] No. of printed pages: 3

SARDAR PATEL UNIVERSITY
SY BA (External) Examination
Saturday, 7 March 2015
2.30 pm - 5.30 pm
Hindi Lit. Paper III
आधुनिक हिन्दी काव्य

Total Marks: 100

प्र.१ सप्रसंग व्याखाय कीजिए । (१८)

(क) ''सबसे प्रथम कर्तव्य है शिक्षा बढ़ाना देश में,
शिक्षा बिना ही पड़ रहे हैं, आज हम सब क्लेश में ।
शिक्षा बिना कोई कभी बनता नहीं सत्पात्र है ।
शिक्षा बिना कल्याण की आशा दुराशा मात्र है ।''

अथवा

(क) ''जो घनीभूत पीड़ा थी
मस्तक में स्मृति-सी छायी
दुर्दिन में आँसू बनकर
वह आज बरसने आयी ।''

(ख) ''कह दे माँ अब क्या देखूँ !
देखूँ खिलती कलियाँ या
प्यासे सूखे अधरों को,
तेरी चिर यौवन-सुषमा
या जर्जर जीवन देखूँ !''

अथवा

(ख) ''तुम शान्ति नहीं ला पाए युद्धों के द्वारा
अब फेंक जरा तलवार, प्यार लेकर देखो,
सच मानों निश्चय विजय तुम्हारी ही होगी
दुश्मन को अपना हृदय जरा देकर देखो ।''

(ग) ''गर्म सलाखों से बिंधे
धुआँ-धुआँ जलते शहर में बीचों-बीच खड़ा आदमी
संविधान की धाराओं-सा । सन्दर्भ हीन हो गया है
लगता है - अँधेरे और उजाले की
सन्धि रेखा / वृत्ताकार बनकर
आदिम गुफा में परिवर्तित हो गयी है ।''

अथवा

(ग) ''कंधो को रहने दो हमेशा इस यकीन के काबिल
कि सिर टिका कर कोई रो सके उन पर जी भर
अपने कंधों में किसी शर्म को जगह मत दो
यह जगह सिर्फ उन फरिश्तों के लिए है
जो रात-दिन रखते हैं
तुम्हारी नेकी और बदी का हिसाब ।''

प्र.२ 'जयशंकर प्रसाद प्रेम और सौंदर्य के कवि है ।' - सिद्ध कीजिए । (१६)

अथवा

प्र.२ नागार्जुन की काव्यगत विशेषताएँ बताइए ।

प्र.३ गीत के तत्त्वों के आधार पर नीरज के गीतों की विशेषता बताइए । (१६)

अथवा

प्र.३ राजेश जोशी की काव्य-कृतियों का परिचय दीजिए ।

प्र.४ निम्नालिखित लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (१६)

(क) 'आँसू' काव्य में व्यक्त कवि की मनोवेदना

अथवा

(क) 'घिन तो नहीं आती है ?' कविता का यथार्थ भाव ।

(ख) 'कंधे' कविता में व्यक्त कवि के विचार ।

अथवा

(ख) 'रूँधे हुए शब्द' कविता का व्यंग्य ।

प्र.५ निम्नालिखित लघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (१६)

(क) 'घोषणा' काव्य की मूल संवेदना ।

अथवा

(क) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का साहित्यिक परिचय ।

(ख) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता का सारांश ।

अथवा

(ख) 'हिमालय के प्रति' कविता का भावार्थ ।

प्र.६ निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **(कोई १८)** (१८)

(१) मैथिलीशरण गुप्त की चार रचनाओं के नाम लिखिए ।

(२) 'लक्ष्मण-ऊर्मिला मिलन' काव्यांश गुप्तजी की किस रचना से लिया गया है ?

(३) 'शिक्षा' काव्यांश गुप्तजी की किस काव्यकृति से लिया गया है ?

(४) प्रसाद की छायावादी शैली की श्रेष्ठ रचनाओं के नाम लिखिए ।

(५) छायावादी चार कवियों के नाम लिखिए ।

(६) 'अरूण यह मधुमय देश हमारा' गीत किस नाटक का है ?

(७) महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना के लिए मिला ।

(८) महादेवी वर्मा के किन्ही दो काव्य कृतियों के नाम लिखिए ।

(९) नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या है ?

(१०) आधुनिक कबीर का उपनाम किसे दिया गया है ?

(११) 'नीरज' किस कवि का उपनाम है ?

(१२) नीरज के अनुसार कविता की जन्मदात्री कौन है ?

(१३) राजेश जोशी के दो काव्य संग्रहों के नाम लिखिए ।

(१४) 'हालावाद' के प्रमुख कवि का नाम लिखिए ।

(१५) हिन्दी साहित्य जगत में बच्चन की प्रसिद्धि का कारण क्या है ?

(१६) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की कविताएँ किस सप्तक में संकलित हुई है ?

(१७) अरूण कमल की काव्य रचना का उद्देश्य क्या है ?

(१८) अर्चना वर्मा की काव्य कृतियों का नाम लिखिए ।

(१९) 'मतवाला' पत्र में निराला की सबसे पहली कौन-सी कविता छपी थी ?

(२०) 'दिनकर' शब्द का अर्थ लिखिए ।

* * *